उस प्रभु की है कृपा बड़ी

उस प्रभु की है कृपा बड़ी,
याद करले घडी दो घडी,

घंटी बज जाये कब कूच की,
मौत हरदम सिरहाने खड़ी,
याद करले घडी दो घडी,
उस प्रभु की है कृपा बड़ी,

किन्ही शुभ कर्मो का फल है ये,
तुझे मानव का चोला मिला,
जो आएगा है जायेगा वो,
बंद होगा न ये सिलसिला,
वेद की कहती एक एक कड़ी,
याद करले घडी दो घडी,

इस जवानी पे इतरा ना तू,
बातो बातो में बीत जाएगी,
उभरा सीना सिकुड़ जायेगा,
और कमर तेरी झुक जायेगी,
लेकर के चलेगा छड़ी,
याद करले घडी दो घडी,

जो करना है, ले आज कर,
कुछ खबर प्यारे कल की नहीं,
मानव चोले को करले सफल,
ढील दे इसमें पल की नहीं,
टूट सांसो की जाये लड़ी,
याद करले घडी दो घडी,

घंटी बज जाये कब कूच की,
मौत हरदम सिरहाने खड़ी,
याद करले घडी दो घडी,
उस प्रभु की है कृपा बड़ी,
याद करले घडी दो घडी,

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/3405/title/us-prabhu-ki-hai-kirpa-badi-yaad-karle-ghadi-do-ghadi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |